दिनांक 22.06.2026 को सचिव, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना की अध्यक्षता में **Construction of Proposed Centre of Excellence of Fire Testing Training and Research Laboratory at IIT Patna, Bihar (ON EPC Basis)** कार्य के निविदा पर विचार हेतु विभागीय निविदा समिति की बैठक की कार्यवाहीः-

**उपस्थितिः-**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | श्री प्रणव कुमार,<br>सचिव, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना। | - | अध्यक्ष |
| 2. | श्री सुरेश प्रसाद प्रभाकर,<br>अभियंता प्रमुख-सह-अपर आयुक्त-सह-विशेष सचिव,<br>भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना। | - | सदस्य |
| 3. | श्री ब्रजेश कुमार<br>मुख्य अभियंता(पटना), भवन निर्माण विभाग, पटना। | - | सदस्य |
| 4. | श्री विकास कुमार पाण्डेय,<br>आंतरिक वितीय सलाहकार,<br>भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना। | - | सदस्य |

**कार्यवाहीः-**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | कार्य का नाम | - | Construction of Proposed Centre of Excellence of Fire Testing Training and Research Laboratory at IIT Patna, Bihar (ON EPC Basis) |
| 2. | प्रशासनिक स्वीकृति की राशि | - | ₹18,66,72,000.00 (भवन निर्माण विभाग का ज्ञापांक 159(च0) दिनांक 05.08.2025) |
| 3. | तकनीकी स्वीकृति की राशि एवं प्रसंग | - | EPC Basis |
| 4. | विषयांकित कार्य हेतु परिमाण विपत्र की राशि | - | EPC Basis |
| 5. | निविदा आमंत्रण की तिथि | - | 03/2025-26 dated 20.11.2025 |
| 6. | कार्य की अवधि | - | 12(बारह)माह |
| 7. | निविदा जमा (अपलोड) करने की प्रारंभ तिथि | - | 28.11.2025 |
| 8. | निविदा जमा (अपलोड) करने की अंतिम तिथि | - | 21.12.2025 |
| 9. | प्री-बीड बैठक की तिथि समय एवं स्थान | - | दिनांक 09.10.2025 को अधीक्षण अभियंता, संरचना अंचल, पटना एवं दिनांक 10.12.2025 को मुख्य अभियंता (पटना) के कार्यालय कक्ष में। |
| 10. | निविदा प्रसारण का माध्यम | - | ई-निविदा एवं दैनिक समाचार पत्र (प्रभात खबर दिनांक 25.11.2025) |
| 11. | टेन्डर आई0डी0 | - | 118628 |
| 12. | प्रकाशन का पी0आर0 संख्या | - | PRABHAT KHADAR on 25.11.2025 (018032 (BCD) 2025-26) |
| 13. | निविदा में भाग लेनेवाले निविदाकार का नाम एवं पता | - | M/S SHANTI CONSTRUCTION & COMPANY, SHANTI BHAWAN, NEAR BIHAR MOTOR WORKS, BAHADURPUR, MAIN ROAD, KANKARBAGH, PATNA-800020 |

14. **तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की कार्यवाहीः-**

**विषयांकित कार्य के प्रथम निविदा की कार्यवाहीः-**

कार्यपालक अभियंता, संरचना प्रमंडल संख्या-3, पटना के ज्ञापांक 1144 दिनांक 19.11.2025 द्वारा सूचित किया गया कि विषयांकित कार्य की पहली निविदा में किसी भी निविदाकार द्वारा भाग नहीं लिया गया था। तदुपरांत पुनर्निविदा आमंत्रित की गयी।

**वर्तमान में आमंत्रित निविदा की कार्यवाहीः-**

विषयांकित कार्य की यह द्वितीय निविदा है। विषयांकित कार्य की निविदा में उपरोक्त एकमात्र निविदाकार द्वारा भाग लिया गया है। एकमात्र निविदाकार के तकनीकी बीड के अभिलेखों को अधीक्षण अभियंता, संरचना अंचल, पटना के पत्रांक 597 अनु0 दिनांक 24.12.2025 द्वारा मूल्यांकन हेतु भेजा गया है।

दिनांक 30.01.2026 को सम्पन्न विभागीय निविदा समिति की बैठक में एकमात्र सफल निविदाकार M/S SHANTI CONSTRUCTION & COMPANY, SHANTI BHAWAN, NEAR BIHAR

MOTOR WORKS, BAHADURPUR, MAIN ROAD, KANKARBAGH, PATNA-800020 को दरवार्ता उपरांत निविदित राशि पर कार्य आवंटित करने का निर्णय लिया गया।

आमंत्रित EPC आधारित निविदा के परामर्शी के चयन हेतु विभागीय पत्रांक 1264(भ0) दिनांक 06.02.2026 द्वारा दिनांक 12.02.2026 को पूर्वाह्न 04:30 बजे अभियंता प्रमुख-सह-अपर आयुक्त-सह-अपर आयुक्त, भवन निर्माण विभाग, पटना के अध्यक्षता में तीन परामर्शी के पैनल द्वारा प्रस्तुतीकरण हेतु बैठक आहूत की गयी। बैठक के दौरान निविदाकार M/S SHANTI CONSTRUCTION & COMPANY, SHANTI BHAWAN, NEAR BIHAR MOTOR WORKS, BAHADURPUR, MAIN ROAD, KANKARBAGH, PATNA-800020 के उनके पत्रांक SCC/PA/32 Dated 12.02.2026 द्वारा पूर्व में दरवार्ता के क्रम में समर्पित किये गये सहमति पत्र एवं उनके द्वारा उद्धृत राशि को पुनर्विचार हेतु स्वीकृत करने एवं विषयांकित कार्य के तकनीकी अनुमोदित प्राक्कलन को DBR के अनुरूप पुनरीक्षित करते हुए कार्य आवंटित करने हेतु अनुरोध किया गया है।

उक्त क्रम में दिनांक 17.02.2026 को सम्पन्न तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति ने निविदाकार M/S SHANTI CONSTRUCTION & COMPANY, SHANTI BHAWAN, NEAR BIHAR MOTOR WORKS, BAHADURPUR, MAIN ROAD, KANKARBAGH, PATNA-800020 द्वारा समर्पित उद्धृत राशि के समीक्षा एवं विषयांकित कार्य के तकनीकी अनुमोदित प्राक्कलन के DBR के अनुरूप पुनरीक्षित करने हेतु पुनर्विचार के अनुरोध की समीक्षा की गयी। समीक्षोपरांत तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति ने पाया कि निविदा निष्पादन प्रक्रिया के दौरान अथवा निष्पादन उपरांत ई-निविदा में अपलोडेड DBR एवं Tender Document के अवयवों में परिवर्तन/परिवर्धन नहीं किया जा सकता

निविदाकार M/S SHANTI CONSTRUCTION & COMPANY, SHANTI BHAWAN, NEAR BIHAR MOTOR WORKS, BAHADURPUR, MAIN ROAD, KANKARBAGH, PATNA-800020 द्वारा समर्पित पूर्व में दरवार्ता के क्रम में समर्पित किये गये सहमति पत्र एवं उनके द्वारा उद्धृत राशि को पुनर्विचार हेतु स्वीकृत करने एवं विषयांकित कार्य के तकनीकी अनुमोदित प्राक्कलन को DBR के अनुरूप पुनरीक्षित के अनुरोध के आलोक में मुख्य अभियंता(पटना) का पत्रांक 608(प0)अनु0 दिनांक 24.02.2026 द्वारा मुख्य वास्तुविद, मुख्य अभियंता(निरूपण) एवं विद्युत कार्यपालक अभियंता, विद्युत भवन संरचना प्रमंडल को निविदाकार के उक्त अनुरोध पर अनुमोदित DBR एवं तकनीकी अनुमोदित प्राक्कलन के आलोक में मंतव्य उपलब्ध कराने हेतु पत्र भेजा गया।

मुख्य अभियंता(निरूपण) के पत्रांक 209(नि0) दिनांक 05.03.2026 द्वारा सूचित किया गया कि **अनुमोदित** DBR में प्रावधानित विशिष्टियाँ भवन हेतु वांछित अतिविशिष्ट गुणवत्ता के अनुसार ही प्रावधानित किये गये हैं परन्तु, तकनीकी अनुमोदन पारंपरिक भवन विशिष्टियों के आधार पर गठित है। साथ ही DBR में अंकित Built-up-Area (1832.94 SQM) भी समीक्षा के क्रम में सही पाया गया है। उपरोक्त कारणों से परियोजना में वृद्धि सम्भावित है। उक्त पत्र में मुख्य अभियंता(निरूपण) के द्वारा मंतव्य दिया गया है कि तकनीकी अनुमोदित प्राक्कलन में संशोधन कराते हुए अग्रेतर कार्रवाई पर विचार किया जा सकता है। विदित हो कि पूर्व में प्रदत योजना के तकनीकी अनुमोदित प्राक्कलन में Total Built-up-Area (1605 SQM) अंकित थी।

विभागीय पत्रांक 4543(भ0)अनु0 दिनांक 20.05.2026 द्वारा मुख्य अभियंता(निरूपण) एवं मुख्य वास्तुविद, भवन निर्माण विभाग, पटना के द्वारा प्राप्त प्रतिवेदन एवं स्थलीय नक्शा के आधार पर योजना के Total Built-up-area में बदलाव एवं Specialised कार्य यथा- SITC of Electric overhead Travelling (EOT) Crane & Gantry Girders एवं Supply & Application of specialised Fire rated works for 120 min rating such as fire door/Windows, refractory bricks, refractory mortar, refractory adhesive,

intumesecent paint का सम्मिलित होने के कारण पूर्व में प्रदत्त तकनीकी अनुमोदित राशि ₹1866.72 लाख को संशोधित करते हुए संशोधित तकनीकी अनुमोदन की राशि ₹1922.39 लाख प्रदान की गयी, जो भवन निर्माण विभाग क्र ज्ञापांक-159(भ0) दिनांक 05.08.2025 द्वारा प्रदत्त विषयांकित कार्य का प्रशासनिक स्वीकृति की राशि ₹1866.72 लाख के अनुज्ञेय सीमा के अंतर्गत है।

मुख्य अभियंता(पटना) का पत्रांक 1072(प0) दिनांक 17.04.2026 के द्वारा आमंत्रित निविदा की वैधता 120 दिन समाप्त होने पर अतिरिक्त बीड वैधता के सहमति/असहमति हेतु निविदाकार को पत्र प्रेषित किया गया। निविदाकार शांति कंस्ट्रक्शन एण्ड कम्पनी के पत्रांक SCC/PA/039 दिनांक 21.04.2026 द्वारा आमंत्रित निविदा के बीड वैथता बढ़ाने पर सहमति नहीं दी गयी।

तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति ने समीक्षोपरांत तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति ने पाया कि निविदा निष्पादन प्रक्रिया के दौरान अथवा निष्पादन उपरांत ई-निविदा में अपलोडेड DBR एवं Tender Document के अवयवों में परिवर्तन/परिवर्धन नहीं किया जा सकता है। निविदाकार M/S SHANTI CONSTRUCTION & COMPANY, SHANTI BHAWAN, NEAR BIHAR MOTOR WORKS, BAHADURPUR, MAIN ROAD, KANKARBAGH, PATNA-800020 द्वारा वित्तीय बीड के निष्पादन के लिए दरवार्ता उपरांत किये गये उपरोक्त वर्णित अनुरोध को तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा खारिज की जाती है एवं आमंत्रित निविदा के 120 दिन बीत जाने उपरांत तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा आमंत्रित निविदा को रद्द करने का निर्णय एवं व्यापक प्रचार-प्रसार के साथ शीघ्रताशीघ्र पुनर्निविदा करने का अनुशंसा किया गया।

15. **तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की अनुशंसा:-**

सम्यक् विचारोपरान्त तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा सर्वसम्मति से विषयांकित कार्य हेतु आमंत्रित पुनर्निविदा में एकमात्र निविदाकार M/S SHANTI CONSTRUCTION & COMPANY, SHANTI BHAWAN, NEAR BIHAR MOTOR WORKS, BAHADURPUR, MAIN ROAD, KANKARBAGH, PATNA-800020 द्वारा वित्तीय बीड के निष्पादन के क्रम में दरवार्ता उपरांत उनके द्वारा उद्धृत राशि पर पुनर्विचार करने हेतु समर्पित अनुरोध तथा तकनीकी अनुमोदित प्राक्कलन को DBR के अनुरूप पुनरीक्षित करने हेतु समर्पित अनुरोध को खारिज करते हुए तथा आमंत्रित निविदा के 120 दिन बीत जाने उपरांत आमंत्रित निविदा को रद्द कर एवं व्यापक प्रचार-प्रसार के साथ शीघ्रताशीघ्र पुनर्निविदा किये जाने हेतु अनुशंसा करते हुए विभागीय निविदा समिति के समक्ष प्रस्तुत करने का निर्णय लिया गया।

16. **विभागीय निविदा समिति का निर्णय:-**

Construction of Proposed Centre of Excellence of Fire Testing Training and Research Laboratory at IIT Patna, Bihar (ON EPC Basis) कार्य पर दिनांक 22.05.2026 को तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा की गयी अनुशंसा को अनुमोदित किया जाता है।

इस कार्यवाही को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड की जाय।

अंत में बैठक सधन्यवाद समाप्त हुई।

| | | | |
|---|---|---|---|
| 22/6/26 | 22/6/2026 | 22.6.26 | 22/6/26 |
| (विकास कुमार पाण्डेय)<br>आंतरिक वित्तीय सलाहकार,<br>भ0नि0वि0, बिहार, पटना | (ब्रजेश कुमार)<br>मुख्य अभियंता(पटना)<br>भ0नि0वि0, बिहार, पटना | (सुरेश प्रसाद प्रभाकर)<br>अभियंता प्रमुख-सह-अपर आयुक्त-सह-विशेष सचिव,<br>भ0नि0वि0, पटना | (प्रणव कुमार)<br>सचिव,<br>भवन निर्माण विभाग,<br>बिहार, पटना |

ज्ञापांक-भवन/मु0अभि0(प0)यो0विविध-8-14/2024 -1662 (प) पटना, दिनांक 22/06/26

प्रतिलिपि-आई0टी0 मैनेजर, भवन निर्माण विभाग, पटना को विभागीय बेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

(ब्रजेश कुमार)
मुख्य अभियंता(पटना),
भवन निर्माण विभाग, पटना